प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 23.07.2025

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री ने सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए दिए निर्देश।

- उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का किया सम्मान।

- छत्तीसगढ़ की सभ्यता और लोक संस्कृति पर केन्द्रित लोकपर्व ''हरेली'' कल पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा।

- मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री—आवास पशु रोकथाम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों से कहा कि ये आवारा पशु सड़क दुर्घटनाओं की वजह बनते हैं। इसलिए, सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से ऐसे पशुओं की रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनानी होगी।

निर्वाचन आयोग—उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग ने इस पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा कल श्री धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई। प्रारंभिक गतिविधियां पूरी होने के बाद आयोग, उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा।

अरूण साव—सम्मान समारोह

उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर को देश का चौथा स्वच्छ शहर बनाने में योगदान देने वाले स्वच्छता निरीक्षकों, स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का सम्मान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि रायपुर को देश का सबसे साफ—सुथरा शहर बनाने के लिए स्वच्छता के कार्यों में सहभागिता बढ़ानी होगी।

हाईकोर्ट—इलेक्ट्रिक बस

राज्य शासन की ओर से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में बताया गया है कि प्रदेश में जल्द ही ई—बसों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री ई—बस सेवा योजना के तहत बसों की खरीदी के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न जिलों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू नहीं होने से आमजनों को हो रही असुविधा पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच में शासन ने अपनी ओर से शपथ पत्र पेश कर बताया है कि दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर

और कोरबा के लिए एक सौ चालीस बसें स्वीकृत की जा चुकी हैं। वहीं, रायपुर शहर के लिए मध्यम श्रेणी की सौ बसें स्वीकृत की गई हैं।

स्वास्थ्य विभाग–सर्जिकल ब्लेड

स्वास्थ्य विभाग ने शिकायत के आधार पर खराब गुणवत्ता वाले सर्जिकल ब्लेड को मेडिकल कॉलेजों और शासकीय अस्पताओं से वापस मंगवाया है। राज्य के विभिन्न अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में वितरित इन सर्जिकल ब्लेड्स में जंग लगे होने की शिकायत विभाग को मिली थी। इसे ऑपरेशन थिएटर में इस्तेमाल करने से मरीजों के संक्रमित होने का खतरा था। सीजीएमएससी ने जानकारी दी है कि संबंधित फर्म को पुराने बैच के सर्जिकल ब्लेड के बदले नए बैच की आपूर्ति सभी अस्पतालों में करने को कहा गया है।

हसदेव जलाशय–एक्वा पार्क

कोरबा जिले के हसदेव बांगो डुबान जलाशय में प्रदेश का पहला एक्वा पार्क स्थापित किया जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत केन्द्र सरकार ने सैंतीस करोड़ दस लाख रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। यह एक्वा पार्क एतमा नगर और सतरेंगा क्षेत्र में फैलें सैकड़ों एकड़ डुबान जलाशय में विकसित होगा।

राष्ट्रीय प्रसारण दिवस

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ सत्ताईस में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। आठ जून उन्नीस सौ छत्तीस को भारतीय राज्य प्रसारण सेवा का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो किया गया। आकाशवाणी वास्तव में अपने आदर्श वाक्य – बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय पर खरा उतरते हुए जनता को सूचना देने, शिक्षित करने और उनका मनोरंजन करने में तत्पर है।

इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि आकाशवाणी वर्षों से शिक्षा, सूचना और मनोरंजन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वहीं, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा कि नब्बे वर्ष पुरानी राष्ट्रीय धरोहर के रूप में आकाशवाणी आज भी मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि भारतीय प्रसारण की यात्रा परिवर्तनकारी और राष्ट्र निर्माणकारी रही है।

महिलाएं–राखी

देश की सीमाओ पर तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए महासमुंद की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं ने अपने हाथों से राखियां बनाकर इन सैनिकों को भेजी हैं। इन राखियों के साथ महिलाओं ने पत्र भी भेजे हैं, जिसमें उन्होंने अपने वीर सैनिक भाइयों के प्रति प्यार, सम्मान और आभार व्यक्त किया है।

महिला और बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने कहा कि इन राखियों के माध्यम से जिले की महिलाओं ने देश की सेवा कर रहे वीर सैनिकों के प्रति अपना सम्मान और स्नेह व्यक्त किया है।

आईटीबीपी जवान–रक्तदान

राज्य के बस्तर संभाग में पदस्थ विभिन्न सुरक्षा बलों के जवान न सिर्फ नक्सल मोर्चे पर अपने साहस का लोहा मनवा रहे हैं, बल्कि अपनी संवेदनशीलता से स्थानीय लोगों का दिल भी जीत रहे हैं। नारायणपुर जिले में गंभीर रूप से बीमार एक महिला की जान भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी के एक जवान ने रक्तदान कर बचाई है।

एनीमिया और उच्च रक्तचाप जैसी जटिल समस्याओं से पीड़ित इस महिला को गंभीर स्थिति में नारायणपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने महिला के परिजनों से तत्काल तीन यूनिट रक्त का बंदोबस्त करने को कहा। लेकिन, महिला के रक्त समूह का परिवार के किसी भी सदस्य से मिलान नहीं होने पर आवश्यक मात्रा में रक्त का प्रबंधन मुश्किल हो रहा था।

ऐसे समय में आईटीबीपी की इकतालीसवीं बटालियन में पदस्थ कांस्टेबल बलजीत सिंह सामने आए और उन्होंने तत्काल रक्तदान किया, जिससे इस महिला की जान बच सकी।

मरीज के परिजन लखमा उसेंडी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि जब उनके लिए सभी रास्ते बंद हो गए थे, तब आईटीबीपी कैंप से मिली मदद उनके लिए वरदान साबित हुई।

<u>हरेली–बस्तर दशहरा</u>

छत्तीसगढ़ की सभ्यता और लोक संस्कृति पर केन्द्रित लोकपर्व ''हरेली'' कल पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। इस दिन किसान पशुधन के साथ ही खेती में उपयोग होने वाले औजारों की पूजा करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने ''हरेली'' पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

हरेली अमावस्या के साथ ही कल से पचहत्तर दिवसीय विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व की भी शुरुआत हो जाएगी। कल पहले दिन पाट जात्रा पूजा विधान की रस्म अदा की जाएगी। इस दौरान पारंपरिक मांझी–चालकी, पुजारी, सेवादार रथ निर्माण के लिए औजार बनाने ठुरलू खोटला रस्म अदा करेंगे।

<u>दुर्घटना</u>

रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में आज तड़के हुए एक सड़क हादसे में
बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के बेटे और वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे निखिल कश्यप की मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में आयोजित शोक सभा में शामिल होकर निखिल कश्यप को श्रद्धांजलि अर्पित की।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। वहीं, अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

इस बीच, बेमेतरा जिले के चेचानमेटा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से नव दंपति की मौत हो गई।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- राज्यपाल रमेन डेका ने प्रोफेसर डॉक्टर विरेन्द्र कुमार सारस्वत को बिलासपुर स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट विनय शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।
- महासमुंद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीन सौ तिरपन पर हाड़ाबंद के पास पुलिस ने एक कार से करीब एक सौ नब्बे किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत साढ़े अट्ठाईस लाख रूपये आंकी गई है।

- खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के गैर–शिक्षक कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। कुलपति डॉक्टर लवली शर्मा ने कर्मचारियों की तेरह में से नौ मांगों को विश्वविद्यालय स्तर पर स्वीकृत कर लिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>